35

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 30/03/2011

वर्ग 1 **बैठक का दिनांक** 08/04/2011 **विभाग का नाम** पंचायत और ग्रामीण विकास

विषय:- टीकमगढ़ जिले में मनरेगा में मृत्य व्यक्तियों के नाम मजदूरी भुगतान करना ।

(तारांकित प्रश्न क्रमांक 5199) **श्री यादवेन्द्र सिंह**

क्या **सामाजिक न्याय मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि टीकमगढ़ जिले के ग्राम पंचायत बहेरा में भूतपूर्व विधायक विक्रम सिंह यादव जिनकी अनेकों वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई हैं वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी रहे हैं ? उनके नाम जॉब कार्ड बनाकर उन्हें एवं उनके परिजनों को भुगतान दिखाया गया है ? ऐसा क्यों ?

(ख) क्या यह भी सही है कि ग्राम पंचायत बहेरा जनपद निवाड़ी में शासकीय कर्मचारियों के नाम जॉब कार्ड एवं मस्टर रोल तैयार कर उन्हें मजदूरी करना दिखाया गया है साथ ही मृतक महिला रतीबाई पत्नी सीताराम पाल जो सन् 2003 में खत्म हो गई थी । सन् 2007 में मस्टर रोल भरकर मजदूरी करना दिखाया गया है ?

(ग) कब तक सम्पूर्ण जिले के मस्टर रोलों की जांच कर मृत व्यक्तियों के नाम भुगतान की गई राशि के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही की जावेगी ? यदि नहीं तो क्यों ?

(घ) प्रश्नांश (ख) में वर्णित अनियमितता एवं प्रश्न (क) में वर्णित अनियमितता क्या गंभीर किस्म के अपराध में नहीं आता यदि हां तो प्रभावी कार्यवाही का विवरण दें । अन्यथा कार्यवाही न होने का कारण भी बतायें ?

यथा संशोधित स्वीकृत

म.प्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद्,
(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित पंजीकृत संस्था)
59 सी–विंग नर्मदा भवन द्वितीय तल अरेरा हिल्स, भोपाल

St-07/P-D

क्रमांक 2999/वि.स./एनआर–11/2011, भोपाल, दिनांक 19/03/2011

प्रतिलिपि –

1. कलेक्टर/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जि.पं. टीकमगढ़ ...... म.प्र. की ओर विधानसभा प्रश्न की प्रति संलग्न कर लेख है कि उक्त प्रश्न का उत्तर दिनांक 24/03/2011 तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को 10 प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. आयुक्त सागर .... संभाग की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. मुख्य अभियंता, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद्, मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।

19/3/2011

(प्रद्युम्न शर्मा)
संचालक
जन.शि.एवंगुण.नि.प्रको.
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद,भोपाल
...-2551489 फैक्स 2550094
...yahoo.co.in ...yahoo.com